दैनिक
न्याय साक्षी

छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

रायगढ़, रविवार 30 मई 2021
www.nyaysakshi.com


## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री ने पूर्व मंत्री डॉ. शक्राजीत नायक के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व सिंचाई मंत्री और वरिष्ठ नेता डॉ. शक्राजीत नायक के निधन पर गहरा दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री बघेल ने डॉ. नायक के शोक संतप्त परिवारजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करते हुए, ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिवारजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रार्थना की है। डॉ. शक्राजीत नायक का रायपुर के एक निजी अस्पताल में दुखद निधन हो गया। वे रायगढ़ के विधायक प्रकाश नायक के पिता थे।

### दो ट्रकों में जबरदस्त टक्कर, लगी आग,चालक की दर्दनाक मौत

जांजगीर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले से एक दर्दनाक सड़क हादसे की खबर प्रकाश में आयी है। यहा ओवरटेक करने के चक्कर में दो ट्रकों की भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना से बालको से एल्युमिनियम लोडकर हैदरदाबाद जा रहे ट्रक में आग लग गई और चालक केबिन में फंस गया और वह जिंदा जल गया। फायर बिग्रेड की मदद से आग बुझाने का असफल प्रयास किया, यहां घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू किया गया, मगर तब तक ट्रक पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। जानकारी के मुताबिक बम्हनीडीह में ड्राइवर पवनकुमार पिता दशरथ यादव 31 वर्ष निवासी जमुई बिहार का ट्रक क्रमांक सीजी 04 एच यू 6173 में बालको कोरबा से अल्युमिनियम क्वायल लोड करके हैदराबाद जा रहा था रात्रि करीब 03 बजे हाइवे में गोविंदा के पास दुर्घटना होकर ट्रक में आग लग जाने से ड्राइवर पवन यादव केबिन में जलकर मृत्यु हो गई।

### नाबालिग लड़की का बेईज्जात करने के नियत से हाथ-बांह पकड़ा, दो के खिलाफ मामला दर्ज

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में अलग-अलग इलाके में नाबालिग लड़की से छेड़खानी कर बेईज्जत करने की नियत से हाथ-बांह पकड़ने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई थाने में पीड़ित 14 वर्ष ने शिकायत दर्ज करायी है कि 28 मई को 12 बजे नानू वर्मा ने पीड़िता को अकेली देखकर हाथ-बांह पकड़ बेईज्जत करने का प्रयास कर खींचने लगा। जिस पर पीड़िता द्वारा जोर-जोर से आवाज लगाने आवाज लगाने पर पीड़िता का पिता मौके पर पहुंचा तब आरोपी ने उसे ईट से मारकर चोट पहुंचाया। इसी तरह टिकरापारा रायपुर निवासी प्रार्थी 44 वर्ष ने टिकरापारा थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि प्रार्थी की बेटी 14 वर्ष को 27 मई को शाम 7 बजे टिकरापारा में राकेश पाण्डे 24 वर्ष पिता सीताराम पाण्डे ने हाथ-बांह पकड़ बेईज्जत करने का प्रयास किया। घटना की शिकायत पर पुलिस ने दोनों मामले में आरोपियों के खिलाफ 354,554 क एवं पास्कों एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है।

### रेंजर की हत्या में शामिल एक नक्सली गिरफ्तार

बीजापुर (आरएनएस)। जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के दौरान थाना जांगला से जिला बल एवं दरभा चौथी वाहिनी छस. बल की संयुक्त टीम व जिला बल की टीम जैगुर, मेढ़पाल की ओर सर्चिंग में निकली थी। अभियान के दौरान मेढ़पाल के जंगल से रेंजर की हत्या में शामिल 01 नक्सली मड़काम साधू पिता कोसा मड़काम उम्र 30 वर्ष जाति मुरिया साकिन मेढ़पाल थाना जांगला को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार नक्सली मड़काम साधू 11 सितंबर 2020 को ग्राम जैगुर में रेंजर रथराम पटेल की हत्या में शामिल था। थाना जांगला में विधिवत कार्यवाही उपरान्त रिमाण्ड पर न्यायालय बीजापुर में आज पेश किया गया।

# बाढ़ नियंत्रण के लिए सभी जिलों में कार्ययोजना तैयार करें - मुख्य सचिव

» बांधों से जल निकासी की सूचना निचले जिलों और सीमावर्ती राज्यों को 12 घंटे पूर्व दी जाए

» पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्यन्न का भण्डारण, पेयजल स्रोतों का शुद्धिकरण, खाद-बीज व्यवस्था, राहत शिविरों सहित सभी आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश



रायपुर (आरएनएस)। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आगामी मानसून सीजन में प्रदेश में बाढ़ और वर्षा से उत्पन्न नैसर्गिक विपत्तियों से निपटने के लिए सभी आवश्यक तैयारियों पूर्ण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में बाढ़ नियंत्रण के लिए कार्ययोजना बना ली जाए। जलाशयों से जल छोड़ते समय विशेष ध्यान रखने और बांधों का जल स्तर बढ़ने पर जल निकासी हेतु निचले जिलों और सीमावर्ती राज्यों को 12 घंटे पूर्व आवश्यक रूप से सूचना दी जाए। इसी प्रकार नगरीय क्षेत्रों में वर्षा पूर्व नालों की सफाई कर ली जाए। पहुंचविहीन क्षेत्रों में खाद्यन्न का भण्डारण, पेयजल स्रोतों का शुद्धिकरण, सभी जिलों में आपदा नियंत्रण कक्ष, किसानों के लिए खाद-बीज व्यवस्था, बाढ़ राहत शिविरों में कोरोना प्रोटोकाल के पालन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव जैन आज यहां मंत्रालय में बाढ़ नियंत्रण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में कहा कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष 24 घण्टे कार्यरत् रहें। 10 जून के पहले सभी 28 जिलों में जिला स्तर पर संबंधित विभाग के नोडल अधिकारी के समन्वय से बाढ़ नियंत्रण के लिए सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय विभागों के नोडल अधिकारियों द्वारा ग्राम स्तर पर पंचायत प्रतिनिधि एवं नगरीय निकाय क्षेत्रों में पार्षदगण के साथ बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बचाव, सुरक्षा, निकासी की कार्ययोजना तैयार की जाए। मानसून से पूर्व राज्य के विभिन्न जिलों में कमजोर हो चुके पुल-पुलियों एवं इमारतों की पहचान कर उनका मरम्मत कार्य करा लिए जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि सभी नगर निगम और नगर पालिका या नगर पंचायत के तमाम नाले व नालियों की निरंतर साफ-सफाई करायी जाएं। नगरीय क्षेत्र में जर्जर भवनों की पहचान कर उनकी मरम्मत करा ली जाए। जिन जिलों में बड़ी नदियां बहती है वहां पर नदी के जल स्तर पर बराबर नजर रखी जाए और जल स्तर के खतरे के निशान पर पहुंचने की संभावना होने पर इसकी पूर्व सूचना राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम को दी जाए। बड़े जलाशयों पर कंट्रोल रूम स्थापित कर जल स्तर की जानकारी समय-समय पर दी जाए। बाढ़ की स्थिति में संक्रामक बीमारियों की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चिकित्सा दल का गठन कर आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसी प्रकार बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र में मकान क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में बांस एवं बल्ली की व्यवस्था कर लिए जाए।

बैठक में राजस्व विभाग की सचिव सु रीता शांडिल्य ने बताया कि राज्य स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष एक जून से सभी जिलों एवं राज्य स्तर पर प्रारंभ हो जाएंगे। इसके लिए नोडल अधिकारी भी बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि दामिनी एप के माध्यम से आकाशीय बिजली से बचाव कर सकते हैं। पहुंचविहीन क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में खाद्य सामग्री, चावल, शक्कर, नमक, केरोसिन, जीवन रक्षक दवाएं आदि पहले से ही संग्रहित की जा रही हैं। खाद्य सामग्री के भण्डारण के लिए वर्तमान में 207 दुकानें 9 जिलों में चिन्हांकित किए हैं। पेयजल स्रोतों को शुद्ध करने के लिए ब्लिचिंग पाउडर इत्यादि की व्यवस्था की गई है। ऐसे क्षेत्र जहां प्रतिवर्ष बाढ़ आती है वहां सतत् निगरानी के साथ लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने एवं उन्हें ठहरने के लिए कैम्प आदि की व्यवस्था की जाएगी।

## शराब दुकान के सामने युवक की हत्या करने वाले पांच आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ अभनपुर देसी शराब दुकान के बाहर एक युवक पर ताबड़तोड़ चाकू से हमला कर उसकी हत्या करने वाले पांच शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व अभनपुर स्थित देसी शराब की दुकान के सामने अभनपुर के नायकबांधा निवासी किशोर बघेल की पांच युवकों ने पुरानी रंजिश के चलते चाकू मारकर हत्या कर दी थी तथा वहां से फरार हो गए थे। सभी आरोपियों ने मुंह कपड़े से ढंका हुआ था जिसके चलते उनकी पहचना नही हो पाई थी किंतु पुलिस मामलें में आरोपियों की तलाश में जुटी रही। साइबर सेल और पुलिस की टीम ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया तथा कुछ संदेही लोगों से पूछताछ की गई। पुलिस ने मामले में संदिग्ध लोगों को पूछताछ के लिए बुलाया था, जिसमें 2 नाबालिग समेत 5 युवक लगातार अपना बयान बदल रहे थे, लेकिन पुलिस के सामने ज्यादा देर तक टीक नही पाये और आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। मामलें में पुलिस ने 2 नाबालिग समेत 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों में ओमप्रकाश साहू, जितेंद्र साहू और वसीम कुरैशी समेत 2 नाबालिग थे। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हत्या की धारा 302 के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जा रहा है।

## स्वास्थ्य मंत्री को आईसीआईसीआई बैंक ने सौंपे 25 एचएफएनसी मशीन

» मेडिकल कॉलेजों में भेजी जाएंगी मशीनें



रायपुर (आरएनएस)। स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव को आईसीआईसीआई बैंक ने आज 25 हाई फ्लो नेजल कैनुला मशीन सौंपे। स्वास्थ्य मंत्री से बैंक के अधिकारियों ने आज उनके सिविल लाइन स्थित निवास कार्यालय में मुलाकात कर ये मशीनें प्रदान की। सिंहदेव ने कहा कि ये मशीनें प्रदेश के सभी छह शासकीय मेडिकल कॉलेजों में भेजी जाएंगी। उन्होंने इस मदद के लिए आईसीआईसीआई बैंक को धन्यवाद देते कहा कि वैश्विक महामारी के संकट के समय बैंक ने सरकार और प्रदेश के लोगों की बहुत सहायता की है। यह कोरोना से पीड़ित लोगों के जीवन की रक्षा और मानवता की सेवा का समय है। ऐसे दौर में बैंक ने करीब साढ़े तीन करोड़ रूपए लागत के मेडिकल संसाधन उपलब्ध कराकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है। संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं नीरज बंसोड़ भी इस दौरान मौजूद थे।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण और रोकथाम में सहायता के लिए आईसीआईसीआई बैंक द्वारा प्रदेश के आदिवासी बाहुल्य तहसीलों में 150 ऑक्सीजन कन्सन्ट्रेटर मशीनों के साथ ही रायपुर जिले में 50, मुंगेली में 20 तथा कोरबा और जांजगीर-चांपा जिले में पांच-पांच मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं। बैंक द्वारा प्रदेश भर में 150 सेनेटाइजर डिस्पेंसर प्रदान किया गया है। गरियाबंद में ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने में भी बैंक सहायता कर रहा है। इसके साथ ही बैंक द्वारा कबीरधाम में तीन ट्रूनाट मशीन व बॉडी फ्रीजर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में चार फोटोथेरेपी मशीन, डिजिटल एक्स-रे मशीन व ईसीजी मशीन तथा गरियाबंद में दस मल्टी-पैरा मॉनिटर भी प्रदान किया जाएगा।

## खाद्य मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक सम्पन्न

» अतिशेष धान की नीलामी के लिए रेट कम नहीं करने का निर्णय

» मानसून को ध्यान में रखते हुए समितियों के धान को संग्रहण केन्द्रों में लाकर तेजी से कस्टम मिलिंग करने के निर्देश



रायपुर (आरएनएस)। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अमरजीत भगत की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मंत्रिमंडलीय उपसमिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंत्री-मंडलीय उपसमिति द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में खरीदी गई धान जो समितियों में उपलब्ध हैं उसे जल्द से जल्द संग्रहण केन्द्रों में परिवहन कर तेजी से कस्टम मिलिंग कराने पर जोर दिया। बैठक में अतिशेष धान की नीलामी के लिए अब रेट में कमी नहीं करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मंत्रिमंडलीय उपसमिति में कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रविन्द्र चौबे, परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम और उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल शामिल थे।

मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक में रबी सीजन के धान की आवक, वर्षा ऋतु के शीघ्र आगमन की संभावना को ध्यान में रखते हुए अब धान की नीलामी के लिए धान के रेट में कोई कमी नहीं करने का निर्णय लिया गया। इसके साथ ही प्रदेश के सभी समितियों में उपलब्ध धान को संग्रहण केन्द्रों में ले जाकर तेजी के साथ कस्टम मिलिंग कराने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 में सरप्लस (अतिशेष) धान की नीलामी और नीलामी में प्राप्त प्रस्ताव की दरों के अनुमोदन के लिए राज्य सरकार द्वारा मंत्री-मंडलीय उप समिति का गठन किया गया है।

मार्कफेड के अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में समितियों में लगभग 9.22 लाख मीट्रिक टन धान उपलब्ध है। मिलर्स द्वारा सीधे समितियों से धान उठाव और संग्रहण केन्द्रों में निरंतर परिवहन से लगभग 5.52 लाख मीट्रिक टन धान का उठाव 17 दिनों में हो जाएगा। मंत्री भगत ने बारिश के मौसम में समितियों में उपलब्ध धान खराब न हो इसलिए 10 जून तक धान का उठाव सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने प्रतिदिन धान परिवहन की गति में भी बढ़ोत्तरी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। गौरतलब है कि मंत्री मंडलीय उप समिति द्वारा मोटा एवं सरना धान के लिये 1350 रुपये प्रति क्विंटल एवं इससे अधिक तथा ग्रेड-ए (पतला) धान के लिये 1400 रूपये या इससे अधिक की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई थी।

## पत्रकारिता विश्वविद्यालय का सामुदायिक रेडियो 90.8 कर रहा योगा के प्रति जागरूक

रायपुर (आरएनएस)। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय का सामुदायिक रेडियो स्टेशन संवाद 90.8 एफएम द्वारा एप्रिशिएशन कार्यक्रम का प्रचार प्रसार कर रहा है। केंद्र सरकार के आयुष मंत्रालय एवं मोरारजी देसाई राष्ट्रीय योग संस्थान द्वारा कोरोना महामारी के दौरान इस बीमारी से बचाव में योग की भूमिका को और इसके उपयोग को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से ऑनलाइन योग एप्रिशिएशन प्रोग्राम चल रहा है। यह कार्यक्रम 1अप्रैल से विश्व योग दिवस 21 जून तक चलेगा। जिसका उद्देश्य है सामान्य लोगों में योग के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा उन्हें कॉमन योग प्रोटोकॉल सिखाना है। इसके अंतर्गत आयुष मंत्रालय भारत सरकार द्वारा प्रमाणित योग के शॉर्ट टर्म कोर्स के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। 24 दिनों के इस मॉड्यूल का प्रसारण विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर हो रहा है। ऑनलाइन कोर्स पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा योगा के प्रचार प्रसार के लिए गांव-गांव में पोस्टर और सरपंचो को योगा की जानकारी दी जा रही है।

## आबकारी विभाग में फेरबदल

» चार अधिकारियों का तबादला, एक को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन ने आबकारी विभाग में फेरबदल करते हुए चार जिलों के आबकारी अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है जबकि एक अधिकारी को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

छत्तीसगढ़ शासन के वाणिज्यिक कर (आबकारी) विभाग के अवर सचिव मनोज कुमार मिश्रा ने इस संबंध में 28 मई को आदेश जारी किया है। जारी आदेशानुसार कोंडागांव के जिला आबकारी अधिकारी आशीष कोसम को बलौदाबाजार का नया आबकारी अधिकारी बनाया गया है, वहीं स्टेट मार्केटिंग कार्पोरेशन में पदस्थ श्रीमती सोनल नेताम को मुंगेली का नया जिला आबकारी अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा बिलासपुर संभाग के सहायक जिला आबकारी अधिकारी गरीब पाल सिंह दर्दी को कांकेर का नया जिला आबकारी अधिकारी बनाया गया है, जबकि राजनांदगांव के सहायक जिला आबकारी आयुक्त लक्ष्मीकांत गायकवाड को बस्तर का जिला आबकारी अधिकारी बनाया गया है। इसके अलावा सुकमा के जिला आबकारी अधिकारी विष्णु कुमार साहू को दंतेवाड़ा के आबकारी अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### ब्लैक फंगस से बुजुर्ग की मौत

रायपुर (आरएनएस) प्रदेश के बलरामपुर जिले में ब्लैक फंगस से एक बुजुर्ग की मौत होने की खबर है। 60 वर्षीय बुजुर्ग ब्लैक फंगस से पीड़ित तथा जिसका उपचार रायपुर के एम्स अस्पताल में चल रहा था। जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के रहने वाले एक 60 वर्षीय बुजुर्ग का राजधानी रायपुर के एम्स अस्पताल में पिछले कुछ दिनों से उपचार चल रहा था। बुजुर्ग ब्लैक फंगस बीमारी से पीड़ित था। जिसकी शनिवार को उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। बुजुर्ग की मौत को मिलाकर अब तक प्रदेश में 17 मरीजों की मौत हो चुकी है वहीं 57 मरीजों का सफल आपरेशन किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक 162 ब्लैक फंगस के मरीजों की पहचान हुई है जिनमें से राजधानी के एम्स अस्पताल में 126 मरीजों का तथा 24 मरीजों का रायपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार चल रहा है।




# किसान एक जून से 30 सितंबर तक करा सकेंगे पंजीयन

» सभी श्रेणी के भू-स्वामी और वन पट्टा धारी कृषक होंगे पात्र

» योजना में शामिल फसलों के उत्पादक कृषकों को ही मिलेगी आदान सहायता राशि

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में फसल विविधीकरण, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि फसल के काश्त लागत की प्रतिपूर्ति कर किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा संचालित राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत खरीफ 2021 से लागू प्रावधानों के क्रियान्वयन को लेकर गाइडलाइन जारी कर दी गई है । कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग मंत्रालय रायपुर द्वारा आज जारी दिशा- निर्देश के अनुसार इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए किसानों को अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा। पंजीयन राजीव गांधी किसान न्याय योजना के पोर्टल https://rgkny.cg.nic.in पर 1 जून से लेकर 30 सितंबर के मध्य किया जा सकेगा।

राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत सभी श्रेणी के भू-स्वामी और वन पट्टा धारी कृषक पात्र होंगे। संस्थागत भू-धारक,रेगहा, बटाईदार और लीज खेती करने वाले कृषक इस योजना के पात्र नहीं होंगे। इस योजना के तहत खरीफ 2021 से धान के साथ खरीफ़ की प्रमुख फसल मक्का, कोदो -कुटकी, सोयाबीन, अरहर तथा गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रतिवर्ष प्रति एकड़ के मान से 9000 रुपए आदान सहायता राशि दी जाएगी । वर्ष 2020-21 में जिस रकबे से किसान द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान विक्रय किया गया था यदि वह धान के बदले कोदो -कुटकी, गन्ना ,अरहर ,मक्का, सोयाबीन, दलहन, तिलहन , सुगंधित धान अन्य फोर्टिफाइड धान, केला ,पपीता लगाता है अथवा वृक्षारोपण करता है तो उसे प्रति एकड़ 10000 रुपए के मान से आदान सहायता मिलेगी । वृक्षारोपण करने वाले कृषकों को 3 वर्ष तक आदान सहायता दी जाएगी।

राज्य में कृषि के क्षेत्र में अधिक निवेश तथा इसको लाभ के व्यवसाय के रूप में पुनर्स्थापित करते हुए जीडीपी में कृषि क्षेत्र की सहभागिता में वृद्धि के उद्देश्य वाली यह योजना खरीफ 2021 से प्रदेश के सभी जिलों में लागू होगी । इस योजना का क्रियान्वयन राज्य स्तर पर आयुक्त एवं संचालक कृषि तथा जिला स्तर पर कलेक्टर की देखरेख में उपसंचालक कृषि द्वारा किया जाएगा । इस योजना के तहत पंजीकृत कृषक को अपने आवश्यक दस्तावेज जैसे ऋण पुस्तिका ,बी-1, आधार नंबर , बैंक पासबुक की छायाप्रति के साथ निर्धारित प्रपत्र में भरे हुए आवेदन का सत्यापन कृषि विस्तार अधिकारी से कराना होगा । जिसे निर्धारित समयावधि में संबंधित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में जमा कर कृषक वहां से पावती प्राप्त कर सकेगा।